an>

Title: Need to develop Ambala Parliamentary Constituency as an industrial hub.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र अम्बाला को इंडस्ट्रीयल हब बनाया जाये। ...(व्यवधान) आज दिल्ली में इतनी भीड़-भाड़ हो गयी है कि वर्ष 2022 तक न दिल्ली हवाई अड्डे पर, न ही रेलवे स्टेशंस पर और न ही बस अड्डों पर पांव रखने की जगह होगी। ...(व्यवधान) ऐसी स्थिति में मेरा लोक सभा क्षेत्र का जो अम्बाला केन्द्र है, मैं उसकी ओर ध्यान दिलाते हुए यह कहना चाहूंगा कि वर्ष 2050 तक ढ़ाई करोड़ जनता का समावेश अम्बाला के इस केन्द्र में किया जा सकता है। ...(व्यवधान) कुरूक्षेत्र से अम्बाला, चंडीगढ़ से अम्बाला, नारायणगढ़ से अम्बाला, यमुना नगर से अम्बाला को इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित किया जाये। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।